प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को नया आकार दे रही है।

- पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का काम अंतिम चरण में–क्रूड ऑयल की पहली खेप मूंदडा पोर्ट से रिफाइनरी पंहुची।

- प्रदेश के 12 जिलों में आज शीतलहर और कोल्ड डे का येलो अलर्ट।

- फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज–मकर सक्रांति पर्व कल मनाया जायेगा।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को नया आकार दे रही है। यह बात उन्होंने नई दिल्ली में कल **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग** के समापन सत्र में कही। उन्होंने कहा कि युवा नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के प्रयासों से देश रचनात्मक और प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया से रचनाकारों का एक नया समुदाय तैयार हुआ है जिससे ऑरेंज इकोनॉमी को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्तमान युवाओं के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय होगा। उन्होंने कहा कि उनकी क्षमता ही भारत की क्षमता बनेगी और उनकी सफलता भारत की सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

....

नौ से 12 जनवरी तक आयोजित **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग** में पूरे देश के 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

....

प्रदेशभर में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण कानून 2025 के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है।इसी कडी में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कल कुम्भलगढ के चारभुजा–गढबोर गांव में लोगों को इस कानून से जुडे पहलुओं के बारे में बताया। श्री बैरवा ने कहा कि देश और गांवों के बदले हुए सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए ये नया कानून लागू किया गया है जो मनरेगा का स्थान लेगा। ये केवल कानून नहीं है बल्कि ग्रामीण भारत के भविष्य की गारंटी है।
कृषि मंत्री और अलवर जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने लोगों को बताया कि ये कानून पंचायतों के अधिकार को कम नहीं करता बल्कि उन्हें और मजबूत बनाता है। बांसवाडा जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी ने सागवाडिया गांव में वी बी जीरामजी से जुडी भ्रंतियों को दूर कर लोगों को जागरूक किया। जोधपुर प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने एक कार्यक्रम में लोगों को वीबी जीरामजी के नये प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सालाना कम से कम 125 दिन की मजदूरी की वैद्यानिक गारंटी दी गई है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय बढेगी और उन्हें रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पडेगा।

....

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कल धौलपुर के राजाखेडा में बाढ प्रभावित परिवारों को जमीन के पट्टे वितरित किए। क्षेत्र के करीब ढाई सौ परिवारों को मकान बनाने के लिए ये पट्टे बांटे गए है। चीलपुरा में कल हुए कार्यक्रम में श्री बेढम ने बताया कि जिले में चम्बल नदी क्षेत्र में बाढ आने पर इन परिवारों को घरबार छोडकर दूसरे स्थानों पर जाना पडता था। ऐसे में इन्हें ऊंचाई वाले स्थान पर रहने के लिए सरकारी पट्टे दिये गये हैं। जिले में पिछले तीन साल से अतिवृष्टि के कारण ये परिवार काफी परेशानी का सामना कर रहे थे।

....

प्रदेश की पचपदरा स्थित बहुप्रतीक्षित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का काम अब अंतिम चरण में है। पहली बार क्रूड ऑयल की खेप भी मूंदडा पोर्ट से पाईपलाईन के जरिये रिफाइनरी में पंहुच चुकी है। इसके साथ ही ऐसी उम्मीद की जा रही है कि रिफाइनरी का उद्‌घाटन इस महीने के आखिर में हो जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस हाइटेक रिफाइनरी की प्रोसेसिंग यूनिटों का करीब 99 फीसदी काम पूरा हो गया है।

....

78वें सेना दिवस के मौके पर 15 जनवरी को जयपुर में आर्मी डे परेड होगी। जगतपुरा स्थित महल रोड पर होने वाली इस ऐतिहासिक परेड को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के पुख्ता बंदोबस्त किये हैं । परेड देखने के लिए करीब डेढ लाख दर्शकों के पंहुचने की संभावना है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि परेड के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में कडी जांच के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि केवल पासधारी दर्शक ही परेड देख सकेंगे। इस बीच आज सेना दिवस परेड की अंतिम फुलड्रेस रिहर्सल होगी।

....

प्रदेश के 12 जिलों में आज शीतलहर और कोल्ड डे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने सीकर, झुंझुनूं, चूरू, अलवर, भरतपुर, धौलपुर सहित अन्य जिलों में शीतलहर के साथ घने कोहरे की भी संभावना जताई है। इसके साथ ही प्रदेश में 15 जनवरी से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। इसके असर से कुछ स्थानों पर पाला पडने की आशंका है। इस बीच हनुमानगढ़, पाली, सवाईमाधोपुर और चूरू सहित कई स्थानों पर सर्द हवाओं से लोग बेहाल हो रहे है। भीषण सर्दी को देखते हुए फसलों के बचाव के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई है। जैसलमेर से मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने पाले से बचाव के लिए किसानों को हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है।

....

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। यह त्यौहार फसलों के पकने की प्रसन्नता का प्रतीक है। लोहडी के मौके पर लोग शाम को अलाव जलाते हैं, पारंपरिक गीत गाते हैं और परिवार तथा समाज के साथ खुशियां साझा करते हैं। यह त्यौहार आपसी प्रेम और एकता का संदेश भी देता है। प्रदेश में लोहडी पर्व को लेकर उत्साह है। इस मौके पर अग्नि जलाकर उसकी परिक्रमा की जाती है। इसके साथ ही सुख समृद्धि की कामना की जाती है।

....